पंजाब केसरी 23/09/25

सिविल सर्विसेज में इकोनॉमिक्स और साइकोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका : शर्मा

अम्बाला, 22 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता और डा. सीमा कंसल एवं डा. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में कॉलेज में सिविल सर्विसेज विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह आयोजन अर्थशास्त्र विभाग, मनोविज्ञान विभाग, साइकोलॉजिकल काऊंसलिंग सैंटर एवं मैंटल हैल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सिविल सर्विसेज की तैयारी पर किया गया। कार्यक्रम में नमन शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

नमन शर्मा ने कहा कि सिविल सर्विसेज में इकोनॉमिक्स और साइकोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि उनके लिए यह गर्व की बात है कि संस्था विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए वचनबद्ध है। इसी श्रृंखला में 'बीइंग कॉन्शियस' पर कुछ गतिविधियों का आयोजन किया गया, जागरूक होने पर कुछ गतिविधियां आयोजित की गई।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सिविल सर्विसेज विषय पर व्याख्यान देते मुख्य वक्ता। (देवदत्त)

सुनने, छूने, महसूस करने, स्वाद लेने और सुनने की क्षमता से संबंधित दिलचस्प गतिविधियां आयोजित की गई, जहां प्रतिभागियों को आंखों पर पट्टी बांधकर चीजों की पहचान करनी थी। डा. सीमा कंसल और डा. अनुपमा सिहाग ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर डा. राकेश, डा. मीनू एवं डा. शिखा आदि मौजूद रहे।